# नामांकन से पहले फिल्मी गीतों पर किन्नर समाज ने बांधा शमां, देखते रह गये लोग

## हमारे पास कोयलांचल का प्यार : सुनैना किन्नर



- सुनैना किन्नर समेत चार लोगों ने किया नामांकन पत्र दाखिल
- ढोल-नगाड़े की धून पर नाचकर किन्नरों ने अपने उम्मीदवार का बढ़ाया हौसला

## बैंड-बाजा के साथ नाच कर बढाया हौसला



*नामांकन से पूर्व सड़क पर किन्नरों ने रोड शो जैसा माहौल बना दिया। आने-जाने वाले लोग किन्नरों के नाच देखने के लिए ठहर से गए। फिल्मी गीतों पर किन्नर समाज नाच कर सुनैना का हौसला बढाता दिखा। उनके साथ न केवल किन्नर समाज बल्कि पुरूष और महिलाएं भी शामिल हुई। पहली बार लोगों ने बैंड-बाजा की धून पर किन्नर समाज की उम्मीदवार को नामांकन दाखिल करते देखा।*

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**धनबाद।** पांच दिनों से लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। राष्ट्रीय और राजकीय पार्टियों सहित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा है। शुक्रवार को भी चार उम्मीदवारों ने उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष नामांकन दर्ज कराया। 29 अप्रैल से शुरू नामांकन में शुक्रवार काफी खास दिन रहा, क्योंकि इस लोकसभा चुनाव में एकमात्र किन्नर उम्मीदवार सुनैना ने भी पर्चा दाखिल किया है। नामांकन दर्ज कराने के बाद सुनैना ने बातचीत में कहा कि उनके साथ कोयलांचल के लोगों का प्यार है। कोयलांचल को अशिक्षा और बेरोजगारी की मार से बचाना है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना भी प्राथमिकता होगी। अब तक लोगों के द्वार पर दुआएं देने जाती थी अब वोट मांगने जाना है।

## इन्होंने भी किया नामांकन







*लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष शुक्रवार को सुनैना किन्नर के साथ तीन अन्य उम्मीदवारों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। इसमें लक्ष्मी देवी, अनिन्दिता दास और मो जहिरूद्दीन खान शामिल थे। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।*

# नाबालिग का बाथरूम में नहाते हुए विडीयो बनाने के आरोपी को दो वर्ष की कैद

- 17 अगस्त 2023 को धनबाद थाना में हुआ था ,मामला दर्ज



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**धनबाद।** नाबालिग लड़की का बाथरूम में नहाते समय वीडियो बनाने का आरोपी तेली पाड़ा निवासी रविंद्र मरांडी को अदालत ने शुक्रवार को दोषी करार दिया है। पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने अभियुक्त रविंद्र मरांडी को अपील के लिए एक माह के जमानत पर मुक्त करने का निर्देश दिया है। अभियुक्त के खिलाफ धनबाद थाना में पीड़िता के पिता द्वारा 17 अगस्त 2023 को प्राथमिक की दर्ज करवाई गई थी। आरोप में कहा गया था कि उनकी नाबालिग लड़की घर के बाथरूम में नहा रही थी। उसी समय पड़ोस का रविंद्र मरांडी वेंटीलेटर के माध्यम से मोबाइल फोन द्वारा वीडियो बना रहा था। अचानक लड़की की नजर उस पर पड़ी तो लड़की ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और पुलिस को सौंप दिया। अनुसंधान के बाद पुलिस 16 अक्टूबर 2023 को अभियुक्त के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया तथा अदालत में 20 अक्टूबर 2023 को आरोप का गठन कर अभियोजन साक्ष्य चलने का निर्देश दिया। अभियोजन पक्ष द्वारा कुल पांच गवाहों की गवाही कराई गई थी।

## प्रमोद पांडे बने धनबाद थाना के नए थाना प्रभारी



**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**धनबाद।** प्रमोद पांडे को धनबाद थाना का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वे साइबर थाना में पदस्थापित थे। इससे पूर्व राजेश कुमार को एसएसपी ने कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में उन्हें 16 अप्रैल को सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग के अप्रूवल के बाद धनबाद थाना को नया थाना प्रभारी मिला।

# लोदना में कोल स्टॉक जांच के लिए पहुंची विजिलेंस टीम, मची खलबली

- साइडिग और लोडिग प्वाइंट पर की गयी कोयले की मापी



निरीक्षण करते विजिलेंस टीम के अधिकारी

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**अलकडीहा।** विजिलेंस टीम शुक्रवार को लोदना क्षेत्र पहुंची और सबसे पहले साउथ तिसरा लोडिंग प्वाइंट पर निरीक्षण के लिए गयी। इसके बाद 9 नंबर साइडिंग और जीनगोरा कांटा घर गई। साईडिंग एवं लोडिंग पॉइंट पर कोयले के स्टाक जांच की। विजिलेस टीम के आने से अधिकारियों और लोडिंग बाबू में खलबली मची हुई थी। हालांकि विजिलेंस टीम और स्थानीय प्रबंधन का कहना है कि रूटीन वर्क के तहत कोयला मापी का काम किया जा रहा है। कोयले का कितना स्टॉक है या कितना डिस्पैच हुआ है अभी यह बताना संभव नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोडिंग प्वाइंट और साइडिंग में 2 लाख टन कोयले का स्टॉक है। इसी स्टॉक की जांच के लिए विजिलेंस की टीम आई हुई थी। इधर विजिलेंस अधिकारी नवीन ठाकुर ने बताया कि हम लोग रूटीन वर्क के तहत आए हैं। कोयला मापी का काम किया जा रहा है। टीम में विजिलेंस अधिकारी एस कुमार, नवीन ठाकुर, सर्वेयर सुब्रतो घोष, एसके राय, रामप्रसाद मैति तथा लोदना क्षेत्र के एजीएम एस मांजी, प्रबंधक, लोडिंग बाबू राजेश शर्मा सहित अधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

# पिस्तौल तानकर कोल अधिकारी से अपराधियों ने की लूटपाट, दी जान

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**पुटकी।** शुक्रवार की दोपहर पीबी एरिया अंतर्गत गोपालीचक कोलियरी के फायर पैच में कार्यरत उप प्रबंधक (इंचार्ज) उमेश मरांडी पर पिस्तौल तानकर जान मारने की धमकी देते हुए अपराधियों ने 23 सौ रूपये लूट लिए। इस संबंध में भुक्तभोगी मरांडी ने पुटकी थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा कि फायर प्रोजेक्ट (आउटसोर्सिंग स्थल) से गोपालीचक हिंदी भवन कार्यालय अपने स्कूटी से जा रहे थे तभी मेन रोड से पहले एक बाइक पर नकाबपोश दो युवक अचानक सामने आकर स्कूटी को रोक दिया और एक युवक पिस्तौल तान कर गाली गलौज देते हुए कहा कि तुम्ही मरांडी हो, बहुत उड़ रहे हो, तेज बन रहे हो, उड़ा दिए जाओगे। और मेरा पीछे की जेब से पर्स निकाल लिए और उसमें रखे 2300 रुपए निकाल कर पर्स और चाबी सड़क पर फेक दी व जान मारने की धमकी देते हुए चले गये। घटना के बाद भुक्तभोगी मरांडी का पूरा परिवार सहमा हुआ हैं। इधर बीसीसीएल पीबी एरिया के अधिकारियों में भी भय का माहौल है।

# रोजगार दिलाने के नाम पर दिल्ली ले जाकर महिला को किया प्रताड़ित



फूल कुमारी

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**लोयाबाद।** बांसजोड़ा गोलाई की महिला फूल कुमारी को काम कराने के लिए दिल्ली ले जाया गया और उसे वहां उसे प्रताड़ित किया गया। शुक्रवार को महिला को राम-रहीम के प्रयास से धनबाद लाया गया। पीड़ित महिला ने बताया कि केंदुआ के विकास से उसकी जान-पहचान थी। वह उसे काम दिलाने के लिए 12 फरवरी को दिल्ली ले गया और वहां उसे नुर खान के घर में काम पर रखवा दिया। कुछ दिनों बाद वह उसे बीस दिन के लिए गुडग़ांव तिलकनगर में एक व्यक्ति के यहां काम करने के लिए भेज दिया गया । वहां पर उसे प्रताड़ित किया गया तो उसने फोन से इसकी जानकारी अपनी मां को दी। विवाहिता ने बताया कि नुर ने जिस जगह काम करने के लिए भेजा था वह पैसा नहीं दिया। वहां कहा कि नुर को चालीस हजार दिया है जब तक तुम्हारे बदले दुसरी लड़की काम करने के लिए नहीं ला कर देगा या पैसा नहीं देगा तब तक तुमको कोई पैसा नहीं देंगे।

# चाकूबाजी में घायल युवक की मौत के बाद भड़का आक्रोश



मैथन ओपी के बाहर जुटी भीड़

- मैथन ओपी में शव रखकर लोगों ने किया घेराव
- आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े लोग

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**चिरकुंडा।** बीते तीस अप्रैल को मैथन चार नंबर क्लब में बहुभोज कार्यक्रम में युवकों के बीच डांस करने के दौरान हुई चाकूबाजी में घायल विश्वजीत महतो का निधन शुक्रवार की शाम होने के बाद लोगों ने शव रखकर मैथन ओपी का घेराव कर दिया जो देर रात तक जारी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिजन धनबाद के जेपी अस्पताल में इलाजरत विश्वजीत को बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन ने डेड बॉडी को पहले डीवीसी के बीपी नियोगी अस्पताल ले गए पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद लोगों का आक्रोश भड़क गया और आक्रोशित परिजनों एवं अन्य लोगों ने शव को मैथन ओपी में करीब शाम सात बजे लाकर रख दिया। लोग चाकूबाजी के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। परिजनों एवं अन्य लोगों को पुलिस पदाधिकारी समझा रहे थे लेकिन लोगों ने उनकी बात नहीं सुनी। पुलिस का कहना था कि चाकुबाजी में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और जो भी आरोपी हैं उसे जल्द भेजा जाएगा।

## लोगों के उग्र रूप और भीड़ को देखते हुए पहुंची कई थानों की पुलिस

*लोगों के आक्रोश और भारी भीड़ को देखते हुए कई थानों के पुलिस कर्मियों को मैथन ओपी बुलाया गया है। मालूम हो कि 30 अप्रैल को मैथन क्लब में राहुल पासवान के घर बहुभोज था। उसी में करीब साढ़े बारह बजे डांस करने के दौरान मारपीट में चाकुबाजी हुई जिसमें विश्वजीत महतो को चाकू लगी और घायल हो गया। घायल का इलाज धनबाद में चल रहा था। चाकूबाजी में दो युवकों का नाम आया जिसमें एक युवक वरूण शर्मा को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि दुसरा आरोपी दुर्गापुर पश्चिम बंगाल निवासी आकाश कुमार उर्फ सोनटी की गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे लोग काफी आक्रोशित हैं। विश्वजीत महतो आमकुडा मैथन में रहता था। उसका पुस्तैनी मकान कमलपुर मैथन है।*




# डिगवाडीह घटवार बस्ती : यहां की प्राचीन मनसा मंदिर से लोगों की जुड़ी है गहरी आस्था





- 200 से अधिक वर्षों से जल रही है श्रद्धा की दीप
- भक्तों की मुराद पूरी करती हैं मां
- झरिया राजा के वंशज करते हैं मंदिर की देखभाल

**आवाज प्रतिनिधि, 3 मई।**
**हरेंद्र शर्मा**

**धनबाद।** जोरापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह दस नंबर घटवार बस्ती में 200 वर्ष से अधिक समय से मां मनसा का मंदिर श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है, जहां अनवरत आस्था की दीप जलती है। यहाँ दोनों वक्त झरिया के राजा शिव प्रसाद सिंह के वंशज मां की पूजा अर्चना तथा आरती करते हैं।

**हरि बोल से वातावरण भक्तिमय**

इस समय वैसाख मास में हरिबोल गाया जा रहा है। संध्या आरती के बाद यहां के प्राचीन काली मंदिर से कीर्तन करते हुए लोग पूरे मुहल्ले में घूम घूम कर ढोल झाल बजाकर हरि बोल गाते हैं।

**यह है यहां के माई थान की विशेषता**

यहां के मनसा मंदिर की विशेषता यह है कि जो भी श्रद्धालु यहां आकर नेक नीयत से मां की पूजा कर मन्नत मांगते हैं, वह अवश्य पूरी होती है।

**तब फूस के मंडप में थी मां**

इस मंदिर के संबंध में बताया जाता है कि स्वर्गीय गौमन सिंह के पिता गुरुदयाल सिंह जो घटवार राज परिवार से थे, उन्होंने मां मनसा के मंदिर की स्थापना की थी। तब मां फूस की झोपड़ी में स्थापित थी।

**टीएसआरडीए ने करवाई छत की ढलाई**

काफी अर्से के बाद 1981 में टीएसआरडीएस ने इस मंदिर के छत की ढलाई करवाई और इसके बरामदे की छावनी लोगों ने टीन से की। लोगों की श्रद्धा और विश्वास के कारण 20 सितंबर 2021 को मंदिर का जीणोर्धार किया गया।

**हर साल धूमधाम से होती है पूजा और मनसा मंगल**

यहां हर साल भादो माह में मनसा पूजा धूमधाम से मनाई जाती है। प्रतिवर्ष मनसा मंगल होता है और तीन चार दिनों तक पूजा होती है। यहां मां मनसा को बलि भी काफी संख्या में दी जाती है। झरिया से अमूल्य मिश्रा पूजा कराने आते हैं। घटवार बस्ती डिगवाडीह में अभी भी 12 घर घटवारों का है।

**निगरानी से कभी पीछे नहीं हटते ये लोग**

इस मंदिर के देखरेख तत्कालीन राज परिवार के वंशज और उस समय के एक नापित परिवार के परिवार के संतान कर रहे हैं। मंदिर की विशेष देखरेख करने वालों में बोलाई सिंह, गौरी शंकर सिंह, भगीरथ सिंह, तुलसी सिंह, सुशीला सिंह, रवि सिंह, मोहन सिंह, लखी प्रमाणिक, संतोष प्रमाणिक, तारा प्रमाणिक, अजीत प्रमाणिक, रंजीत प्रमाणिक तथा अन्य करते हैं।

## पुण्यतिथि पर निर्मला अस्पताल के कुष्ठ रोगियों के बीच भोजन वितरण



**धनबाद ।** झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह ने अपनी माता शिव कुमारी देवी की प्रथम पुण्यतिथि निर्मला अस्पताल के कुष्ठ रोगियों के साथ मनाई। उन्होंने कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया। फल और मिठाई का वितरण किया। डेमियन सामाजिक कल्याण केंद्र के निदेशक फादर अजय तिरु ने इसके लिए अशोक कुमार सिंह का आभार जताया। श्री तिरु ने कहा कि अशोक कुमार सिंह ने जिला परिषद के फंड से अस्पताल परिसर में पीसीसी पथ का निर्माण कराया था और बच्चों की पढ़ाई के लिए निःशुल्क बल्ब उपलब्ध कराए थे। उन्होंने कहा कि अस्पताल संचालक में आर्थिक समस्या है और श्री सिंह से सहयोग की अपील की। श्री सिंह ने सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को इस संस्थान की मदद करनी चाहिए और इस दिशा में वह प्रयास करेंगे। अवसर पर निर्मला स्कूल के प्राचार्य फादर अल्फ्रेड बालमुचू, प्रबंधक हराधन पांडेय, सिस्टर वंदना, सिस्टर डोना मारिया समेत कई लोग मौजूद थे।

## हावड़ा- इंदौर स्पेशल ट्रेन की समय सारणी में किया गया बदलाव



**धनबाद।** गाड़ी संख्या 09336 हावड़ा- इंदौर स्पेशल ट्रेन की समय सारणी में बदलाव किया गया हैं क अब यह ट्रेन 05 मई (रविवार) को हावड़ा से 17.40 बजे खुलने के बजाय 09.35 बजे खुलेगी जो 14.20 बजे धनबाद पहुंचेगी। यहाँ से 14.30 बजे आगे के प्रस्थान करने के बाद 15.10 बजे गोमो, 15.30 बजे पारसनाथ पहुंचेगी और यहाँ से 15.35 बजे आगे के प्रस्थान करते हुए 16.20 बजे कोडरमा पहुंचेगी और यहाँ से 16.22 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं सोमवार को 17.00 बजे इंदौर पहुंचेगी ।

## हीट वेव को लेकर सिविल सर्जन ने की बैठक, दिए कई दिशा निर्देश

**आवाज प्रतिनिधि, 3 मई।**

**धनबाद।** हीट वेव से बचने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में तैयारियों की समीक्षा के लिए सभी एमओआईसी के साथ सिविल सर्जन ने बैठक की। बैठक में डीएसओ, आईडीएसपी की टीम भी शामिल रही। इस दौरान सिविल सर्जन ने कहा कि भीषण गर्मी और आर्द्र तापमान के कारण बीमार पड़ने के जोखिम से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें की सलाह देने वाले होर्डिंग्स लगाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इससे उन्हें इस



बात की जानकारी होगी कि हमें गर्मियों में अपने शरीर की देखभाल कैसे करनी चाहिए ताकि कोई बीमार पड़ने से बच सके।सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन ने सरकारी और निजी स्वास्थ्य केंद्रों सहित सभी अस्पतालों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि गर्मी से संबंधित समस्याओं की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों को उचित देखभाल दी जाए। इसके अलावा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को पर्याप्त पेयजल और ओआरएस रखने का निर्देश उन्होंने दिया।

## मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जाएगा सोशल मीडिया कैम्पेन

**धनबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन में सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कार्यक्रम का आयोजन आगामी 7 मई की शाम 6 से 8 बजे तक चलाया जायेगा। इस निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में धनबाद जिला के विभिन्न स्टेकहोल्डर के साथ बैठक किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस दिन विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां होंगी, जिसका फोटो-वीडियो ट्विटर, फेसबुक, इंस्टग्राम और यूट्यूब पर हैशटैग के साथ अपलोड किया जाएगा। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक होगी एवं मतदाता शपथ भी दिलायी जाएगी। उसे धनबाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी के एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम व यू-ट्यूब हैण्डल्स पर टैग करने का निर्देश दिया। साथ ही फोटो हुए वीडियो राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भी टैग करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने विद्यालयों, महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से वहां के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक को भी जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्हीने कहा कि शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को दूर करने हेतु ज्यादा से ज्यादा स्वीप एक्टिविटी किया जाए।

## चुनाव को लेकर 72 मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण

**आवाज प्रतिनिधि, 3 मई।**

**धनबाद ।** शुक्रवार को एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय स्थित प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षण कोषांग के सभी 72 मास्टर ट्रेनर की एक प्रशिक्षण - सह - ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया । इस सत्र को प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता संतोष गुप्ता ने कहा कि अब आगे कमीशनिंग,मतदान पदाधिकारियों का अंतिम प्रशिक्षण , पुलिस पदाधिकारी ,सेक्टर पदाधिकारी , माइक्रो आब्जर्वर , डिस्पैच , कलेक्शन , पोलिंग एजेंट तथा काउंटिंग जैसे महत्वपूर्ण टॉपिक का प्रशिक्षण आयोजित होना है। मतदान कराने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन प्रक्रिया की कोई जानकारी छूट ना जाए , इसका विशेष ध्यान रखना है। आवश्यक तथ्य , जैसे , ईवीएम ऑपरेशन , मॉक पोल ,सीलिंग , प्रपत्रों को भरे जाने की प्रक्रिया , आदि को बार बार दुहराना है



ताकि एक भी मतदान पार्टी को गलती करने की गुंजाइश ना हो। मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने सामग्री कोषांग से प्राप्त प्रत्येक सामग्रियों के बारे में उसके उपयोग करने के तरीके के बारे में जानकारी दी । छोटी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण बिंदुओं , जैसे एएसडी सूची , सील पर साइन करने का स्थान , मॉक पोल की 7 स्लिप को रखने के लिए अलग लिफाफे , पीठासीन पदाधिकारी की डायरी को भरे जाने के तरीके , आदि पर विशेष ध्यान देने को कहा गया । सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी - सह - जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी ने कहा कि सामग्री कोषांग द्वारा मतदान के दिन मतदान दल को दी जाने वाली सामग्री की सूची तथा उसका एक सेट आप सबों को उपलब्ध कराया जा चुका है । इसी के आधार पर प्रशिक्षण दी जा सकती है ।प्रशिक्षण सत्र को अन्य मुख्य प्रशिक्षक संजय कुमार तथा राज कुमार वर्मा ने भी संबोधित किया । प्रशिक्षण में सहयोग करने वालों में कुमार वंदन , विनय तिवारी , मदन नायक , सियाराम सिंह , अनिल कुमार सिंह , ब्रज किशोर चौबे ,आदि का बहुमूल्य योगदान रहा ।

## बाजारों में बिक रहे लाल तरबूज में कहीं स्वीट प्वाइजन तो नहीं !



**धनबाद।** गर्मियों के मौसम में लाल और मीठा रसभरा तरबूज को देखकर हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है। यह प्यासे कंठ को राहत पहुंचाने के अलावा पूरे शरीर को शीतल करता है। इसमें 92 प्रतिशत पानी, 6 प्रतिशत शुगर और भरपूर मात्रा में फाइबर है, जिसे खाना शरीर के लिए लाभदायक है। यह गर्मी के मौसम में ही मिलता है जो इस वक्त हर जगहों पर ठेले और फुटपाथ पर बिकते देखा जा रहा है। ऐसी चर्चा है कि इन दिनों बाजारों में तरबूज के नाम पर रेड स्वीट प्वाइजन यानी लाल मीठे जहर की बिक्री हो रही है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**ऐसे किया जाता है लाल और रसीला**

कहा जाता है कि मंडियों में बड़े -बड़े कारोबारी कच्चे पीले तरबूज को कृत्रिम तरीके से लाल और मीठा बनाकर बेच रहे हैं। इसे लाल और रसीला बनाने के लिए रंग का प्रयोग इंजेक्शन लगाकर किया जाता है तथा पकाने के लिए ऑक्सीटोसिन का इंजेक्शन लगाया जाता है।

**इंजेक्टेड तरबूज में कई रसायनों का होता प्रयोग**

इंजेक्टेड तरबूज में नाइट्रेट,आर्टिफिशियल कलर,कैल्शियम कार्बाइड और ऑक्सीटोसिन,नार्ट्रोजन जैसे रसायन प्रयोग किए जा रहे हैं, जिसकी सच्चाई को खुलासा करने संबंधित विभाग कभी पहल नहीं कर रहा है, जबकि स्वास्थ्य हित में इसका परीक्षण कराना जरूरी है।

**लीवर, किडनी और नेत्र के लिए घातक**

इस प्रकार के तरबूज के खाने से लीवर, किडनी को नुकसान पहुंच सकता है। तरबूज को लाल करने के लिए मेथनॉल यलो कैंसर को उत्पन्न करता है। लेड क्रोमेट खून की कमी,आंखों की रोशनी और दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है।

## जनता का प्यार, धनबाद है तैयार इस बार कांग्रेस सरकार : अनुपमा



**आवाज प्रतिनिधि, 3 मई।**

**धनबाद।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का सघन जनसंपर्क अभियाने शुक्रवार को बोकारो विधानसभा से प्रारंभ हुआ। बाद में बोकारो आवासीय कार्यालय में जनता दरबार में आए हुए असहाय गरीब मजदूर का प्रत्याशी ने दुखड़ा सुना। मौके पर अनुपमा सिंह ने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो लोगों की अपेक्षाओं में खरी उतरेंगे। बोकारो विधानसभा अंतर्गत चास जैक हैप्पीनेस में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी सदस्यों के साथ बैठक हुई।कानूनविदो ने देश में कांग्रेस राज में बेहतर कानूनी सेवाओं एवं सुविधाओं पर विश्वास जताया। धनबाद प्रखंड के पुटकी सियालगुदरी स्थित दुर्गा मंदिर में अनुपमा ने पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सियालगुदरी की मुखिया ममता चौधरी धनबाद के पूर्व प्रमुख भानु प्रताप एवं प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार पासवान के अलावा अन्य मौजूद थे। यहां ने ग्रामीणों कहा कि महिला प्रत्याशी को ही वोट करेंगे क्योंकि महिला ही चूल्हे से लेकर घर के बजट को ईमानदारी पूर्वक चलाती है। अनुपमा सिंह ने कहा कि महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें ताकि आपके सपने को सरकार कर सकें। कांग्रेस जो कहती है वह करती है। प्रत्येक वर्ष घर की एक महिला को साढ़े आठ हजार रुपए प्रत्येक महीने दिए जाएंगे। विवेकानंद नगर, न्यू कॉलोनी, नियोगी मोहल्ला, पुलिस लाइन, डोम पाड़ा, कार्मिक नगर, न्यू मुरली नगर, कृष्णा नगर, सेंट्रल हॉस्पिटल के पीछे का क्षेत्र कुसुम विहार चांदमारी कोलियरी कांटाघर के पास यादव टोला संबोधित किया। अवसर पर दिनेश पासवान, अजय हाडी, सोनू सिंह, मुरारी, प्रदीप सिंह, मृत्युंजय सिंह, विपिन यादव, दीपक यादव आदि मौजूद थे। जानकारी प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने दी है।

## अवैध शराब करोबार के खिलाफ झरिया में छापामारी, पुलिस ने दर्ज किया मामला पांच क्विंटल जावा महुआ किया गया नष्ट, 50 लीटर महुआ शराब जब्त

**आवाज प्रतिनिधि, 3 मई।**

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर स्थित नई दुनिया मोहल्ला में शुक्रवार की सुबह झरिया पुलिस ने अवैध शराब अड्डे पर छापामारी कर पांच क्विंटल तैयार महुआ जावा को नष्ट किया साथ ही 50 लीटर अवैध जावा महुआ शराब को जब्त किया। छापामारी के क्रम में पुलिस ने अवैध शराब बनाने वाले धंधेबाज दीपू निषाद के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया है। मालूम हो कि नई दुनिया मोहल्ला व आशा विहार कॉलोनी के आधा दर्जन लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर महुआ के अवैध शराब का निर्माण कर क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक्री की जाती है। लोक सभा चुनाव में शांति व्यवस्था को लेकर असामाजिक तत्वों की हरकतों पर अंकुश लगाने को पुलिस क्षेत्र में



सतर्कता बरत रही है। अवैध शराब की चुलाई व बिक्री की सूचना मिलने के बाद झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने शुक्रवार की सुबह टीम गठित कर छापामारी अभियान चलाया और शराब अड्डे को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। छापामारी दल में एसआई सौरभ कुमार, प्रमोद टुडू, एतवा मुंडू, दुबराज उरांव समेत झरिया थाना के कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### वाहन मालिकों से कर चोरी को लेकर 9.50 लाख की वसूली

कतरास। वाणिज्य कर कार्यालय कतरास अंचल के डीसी राम प्रवेश प्रसाद के नेतृत्व में एक माह में कतरास अंचल के विभिन्न स्थानों से कर चोरी के मामले में दस ट्रकों को पकड़ा गया। इनमें से सात ट्रकों में कुल 9 लाख 50 हजार 9 सौ 64 रुपये टैक्स वसूली कर सरकार के खाते में जमा कराया गया। इसके अलावा तीन ट्रकों की जांच जारी है। विभाग ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह छापामारी अभियान चलाया। विभाग द्वारा जांच अभियान चलाए जाने से ट्रक मालिकों में खलबली मच गयी है।

### कुमारधुबी में दुकान से भारी मात्रा में गांजा जब्त, विक्रेता गिरफ्तार



**चिरकुंडा।** गुप्त सूचना के आधार पर कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने कुमारधुबी बाजार स्थित संकट मोचन धर्मशाला के समीप हीरा साव के दुकान में छापामारी कर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। पुलिस दुकान संचालक हीरा साव को गिरफ्तार कर कुमारधुबी ओपी ले गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं।

## पूरे दमखम के साथ मासस लड़ेगी चुनाव : चटर्जी

- मासस ही धनबाद का विकल्प : जगदीश रवानी



**आवाज प्रतिनिधि, 3 मई।**

**धनबाद।** मार्क्सवादी समन्वय समिति की बैठक अग्रसेन भवन पुराना बाजार में मासस जिला अध्यक्ष बिन्दा पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मासस केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्षे सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी, केंद्रीय सचिव बबलू महतो उपस्थित थे। विशाल आमसभा करने का निर्णय लिया गया जिसमें 13 मई को कलियासोल, 15 मई को बरवाअड्डा, बड़ा जमुवा, 16 मई को चास - बोकारो, 17 मई को गोविंदपुर बाजार एवं निरसा, 18 मई को पुटकी, 19 मई को चंदनक्यारी, 20 मई को नुनूडीह, झरिया, 21 मई को निरसा से चिरकुंडा रैली एवं आम सभा, 22 मई को बलियापुर में विशाल आम सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि भाजपा के जन विरोधी अर्थ नीति से जनता पूरी तरह से त्रस्त है। महंगाई और बेरोजगारी से सामाजिक संबंध के साथ-साथ परिवारिक संबंध भी दिन-ब-दिन टूटते जा रहे हैं। प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र के पिछले सांसद लंबे समय से सिर्फ जनता को गुमराह करते रहें है, अब नए प्रत्याशी जुमले के साथ-साथ युवाओं को भटकाने का हथकंडा अपना रहे हैं। धनबाद की जनता समझ चुकी है। मासस ही धनबाद का विकल्प है। बैठक में रुस्तम अंसारी, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, गणेश महतो, सारथी मंडल, राणा चटराज, नरेश पासवान, संतोष रवानी, विजय पासवान, रंजीत यादव, होरीलाल चौहान, भोला चौहान, धर्म बाउरी, लालमोहन महतो, चेतू महतो, दिलीप रवानी, रवि कड़वार, दिनेश महतो आदि शामिल थे।

# सुदामडीह वाशरी में आग लगने से जले कई पेड़, मची अफरा-तफरी



आग बुझाते दमकलकर्मी

## स्क्रैप कन्वेयर बेल्ट जलकर स्वाहा

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**पाथरडीह।** बीसीसीएल के सुदामडीह कोल वाशरी में शाफ्ट माइंस के स्क्रैप कन्वेयर बेल्ट में आग लगने से वाशरी के कई पेड़ जलकर राख हो गए। झाड़ियों में आग की लपटें तेजी से बढ़ती गई। आग की लपटें देख कर्मियों में अफरा-तफरी मच गयी। कर्मियों ने आग बुझाने के लिए पानी टैंकर मंगाया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद झरिया व सिंदरी के अग्निशामक विभाग की दो गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने के काम में जुटीं। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर भारी संख्या में बीसीसीएल कर्मी और सीआईएसएफ के जवान तैनात थे और आग बुझाने में लगे रहे। मजदूर नेता सुभाष सिंह ने बताया कि बीसीसीएल के पास आग पर काबू पाने के लिये अपनी कोई व्यवस्था नहीं है। आज जो वाशरी में आग लगी है इसमें कोलियरी को लाखों की नुकसान हुआ है, जो सभी देख सकते हैं। संयोग अच्छा रहा कि स्लरी में आग नही पकड़ी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। वाशरी के पीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि आग कैसे लगी पता नहीं चला। इसकी जांच जरुरी है। घटना के सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुचा आग बुझाने में कर्मियों के साथ सीआईएसएफ के जवानों ने सहयोग किया। आग की चपेट में आने से स्क्रैप कनवेयर बेल्ट जलकार राख हो गयी।

## बलियापुर हटिया में आग लगने से मचा हड़कंप



कचरे से उठती आग की लपटें

*__बलियापुर।__ बलियापुर हटिया के पास गुरुवार देर रात को कचरे के ढेर में आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। कचरे के ढेर के आस-पास दर्जनों-दुकानें व घर हैं। आग की लपटें देख आसपास के लोग दौड़ पड़े और आग को बुझाने का काफी प्रयास किया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद बलियापुर के समाजसेवी बंटी अग्रवाल व अब्दुल हक ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। 20 मिनट के अंदर अग्निशमन विभाग के वाहन पहुंचे तब जाकर आग पर काबू पाया गया।*

## जीनागोरा कांटा घर के पास झाड़ियों में आग लगने से मची भगदड़



आग बुझाता दमकल वाहन

*__अलकडीहा।__ शुक्रवार को जीनागोरा कांटा घर के समीप झाड़ियों में अचानक आज आग लग गयी। देखते ही देखते ही आग ने भयावह रुप ले लिया। आग देखकर जीनागोरा कांटा घर में वजन कराने आए डीओ ट्रक चालकों में भगदड़ मच गई। जमसं कुंती गुट के रायबाबू सिंह और कांटा के कर्मियों ने लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक को सूचना दी तब महाप्रबंधक ने दमकल और डंफर को भेज कर बड़ी मशक्कत के बाद एक से डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया।*

# लोयाबाद में रेल फाटक बंद रहने पर हंगामा



रेल फाटक पर खड़े लोग

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**लोयाबाद।** लोयाबाद रेलवे स्टेशन फाटक के पास शुक्रवार की रात दस बजे एक युवक ने गेट मैन को गाली-गलौज कर दिया। मौके पर आरपीएफ का जवान पहुंचा इससे पहले युवक वहां से फरार हो गया। रेल पुलिस उक्त युवक के बारे में पता लगा रही है। मामला यह कि मालगाड़ी आने की वजह से फाटक बंद था। युवक बाइक से वहां पर पहुंचा और गेट मैन से पूछा गेट कितनी देर बंद रहेगा। गेट मैन द्वारा कोई जवाब नहीं देने पर उक्त युवक ने गेट मैन को भद्दी भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया।

## शादी के दो दिन बाद भागी दुल्हन की प्रेमी से कराई गयी शादी

*__बलियापुर।__ कोनारटांड़ गांव से शादी के दो दिन बाद नई नवेली दुल्हन पूनम कुमारी अपने ससुराल से भाग गई थी। घटना के दो दिन बाद युवती के मायके वालों ने उसे ढूंढ़ निकाला। पता चला कि युवती अपने गांव के ही युवक बादल रवानी के साथ भागी थी। शुक्रवार को गोविंदपुर स्थित रामपुर गांव में दोनों पक्षों के अभिभावकों एवं ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में गांव के शिव मंदिर में प्रेमी-प्रेमिका की शादी करा दी गयी। युवती के पति वासुदेव महतो ने इस सिलसिले में बलियापुर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी।*

# सूड़ी समाज जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने हिमांशु मंडल



हिमांशु मंडल को सम्मानित करते लोग

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**सिंदरी।** राष्ट्रय सूड़ी समाज, केंद्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश समिति द्वारा सूड़ी समाज धनबाद जिला युवा मोर्चा का गठन किया गया जिसकी जानकारी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामू मंडल ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि धनबाद जिला सूंड़ी समाज युवा मोर्चा कमेटी में हिमांशु मंडल जिला अध्यक्ष, संतोष मंडल, प्रकाश मंडल, मथुर मंडल, नाविक मंडल सभी 4 जिला उपाध्यक्ष, नाविक मंडल, राजू मंडल दोनों जिला महामंत्री, अजय मंडल जिला प्रवक्ता, विकास मंडल जिला कोषाध्यक्ष, पंकज मंडल जिला सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। गौतम मंडल, सुदीप मंडल, सेवक मंडल, पिंटू मंडल, परिमल मंडल, महेश मंडल, उत्तम मंडल, संजय मंडल, आदेश मंडल, राजा मंडल जिला मंत्री बनाए गये। जिला कार्यसमिति में 20 सदस्य बनाए गए हैं। रामू मंडल ने बताया की धनबाद जिला के अधिकांश गांवों से प्रतिनिधि जिला कमेटी में शामिल किए गए हैं।

## बुजुर्ग मैकेनिक के निधन से सिंदरी में शोक की लहर

*__सिंदरी।__ शहरपुरा बाजार मिलन मोड के जाने माने मोटरसाइकिल मिस्त्री नकुल रजक (60 वर्ष) का निधन शुक्रवार को हार्ट अटैक से हो गया। निधन पर सिंदरी चेम्बर पद अधिकारियों,सदस्यों एवं शहरपुरा बजार के दुकानदारों ने उनके आवास पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी। परिजनों ने बताया कि नकुल जी स्नान कर रहे थे इस दोरान वे गिर गए उन्हें तुरंत डाक्टर के पास ले जाया गया,जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिंदरी चेम्बर ऑफ कोमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने कहा कि नकुल जी हसमुख व्यक्ति थे। तथा बहुत अच्छे मैकेनिक थे। चेम्बर अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू के अलावा सचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया, राकेश सोनी, बीनू केजरीवाल ,दीपक दे ,कृष्ण कुमार अग्रवाल, सुमित सिंह, बासुकीनाथ सिंह, मनजीत सिंह उप्पल, पवन शर्मा उमाकांत, राजू अग्रवाल, बबलू, ऋषि शर्मा, एनाम खान, दीनानाथ मल्लिक, समीम खान, बहुत सारे व्यापारियों ने उनके निधन पर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।*

## लड़की की शादी में हरिओम संस्था ने दिया सहयोग

*__तिसरा।__ हरिओम सेवा संस्था ने लड़की की शादी में 4000 रुपए देकर अपनी सहयोग करने की परंपरा को आगे बढ़ाया। आमटाल के दिलीप गोराई बहुत ही सामाजिक और मिलनसार व्यक्ति हैं। उन्होंने पुत्री के विवाह में संस्था से कुछ सहयोग राशि की मांग की थी। इसी को देखते हुए संस्था के संस्थापक सदस्य प्रेमांशु पाल, प्रभाष पाल, सूर्य गोपाल भट्टाचार्य, विनोद सिंह, मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता, सचिव हारु बावरी, सक्रिय सदस्य शंकर दास, दिलीप चौहान ,अध्यक्ष डॉक्टर स्वरूप चौधरी, भोला चक्रवर्ती, बबलू बावरी मुकेश महतो आदि ने मदद की। इस नेक कार्य के लिए विजय दत्ता, गोविंद बाउरी, राणा प्रताप सिंह रॉकी, अमित, अविनाश, रंजीत, पिंटू आदि ने शुभकामनाएं दीं।*

# लोयाबाद में वाहनों की जांच के लिए बना अस्थाई चेकपोस्ट



जांच के लिए बना कैंप

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**लोयाबाद।** शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने लोयाबाद थाना क्षेत्र के सेंद्रा यज्ञशाला के समीप अस्थाई चेकपोस्ट बनाया है। इस चेकपोस्ट पर तीन दंडाधिकारी और जिला पुलिस बल को तैनात किया गया है। एएसटी टीम के कैंप करने से यहां से कई वाहन कन्नी काटकर दूसरा रास्ते से भाग रहे हैं। तीन शिफ्ट में 24 घंटे दो और चार पहिया वाहनों की चेकिंग की जा रही है। पुलिस द्वारा इधर से गुजर रहे वाहनों की चेकिंग की जा रही है। चुनाव में अवैध शराब, नशीले पदार्थ, मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए नकद के आदान-प्रदान की आशंका बनी रहती है। शराब की तस्करी भी बढ़ सकती है। वैसे लोयाबाद पुलिस थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र अवैध शराब की खरीद बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार छापामारी अभियान चला रही है।

# हरि कीर्तन में भाजपा सांसद प्रत्याशी ढुलू महतो पहुंचे बलियापुर, माथा टेककर लिया आशीर्वाद



अखंड हरि कीर्तन में शामिल ढुलू महतो, तारा देवी और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**बलियापुर।** हटिया स्थित हरि मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन कार्यक्रम में गुरुवार की देर रात भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो पहुंचे। उन्होंने मंदिर में माथा टेक आशीर्वाद लिया। मौके पर सिंदरी विधायक इन्द्रजीत महतो की पत्नी सह सिंदरी विधानसभा लोकसभा चुनाव संयोजक भाजपा नेत्री तारा देवी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, निताई रजवार, मंडल अध्यक्ष आशीष मुखर्जी, मुखिया विजय गोराई, मुखिया उत्तम चौबे, पूर्व मुखिया खगेन महतो, खगेन पांडेय, विनय मुखर्जी, बलदेव महतो, कमेटी के अध्यक्ष जगन्नाथ दास, सचिव अतुल केसरी, मनीष अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, रविन्द्र वर्मा, अशोक वर्मा, मनबोद रवानी, नयन ठाकुर, राजू धीवर आदि मौजूद थे।

## ढुलू ने बीमार मानिक दास का लिया हालचाल

सोलह साल से बीमार पड़े भाजपा नेता मानिक दास का हालचाल जानने के लिए विधायक ढुलू महतो उनके आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बीमार दास को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

# बीआईटी सिंदरी में टेक महोत्सव 2024 का शुभारंभ



फीता काटते निदेशक और मौजूद अन्य

## निदेशक ने किया उद्घाटन

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के तकनीकी क्लबों द्वारा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी महोत्सव, टेक महोत्सव -2024 का उद्घाटन शुक्रवार को संस्थान के निर्देशक डॉ पंकज राय द्वारा फीता काटर कर किया गया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि इस तीन दिवसीय टेक महोत्सव के माध्यम से छात्रों आपने तकनीकी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन कर सकेंगे । उन्नत एवं नये तकनीकी का प्रदर्शन कर आपने रचनात्मक से विकसित तकनीकी विकास में योदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस रफ्तार से तकनीकी क्षेत्र में नयी-नयी खोज कर अपने आपने देश को मजबूत करने में लगे हुए हैं। ऐसे में हमारे देश के छात्रों,एवं विज्ञानिकों, के कंधे पर जिम्मेदारी बढ़ी है। हमे भी आपने राष्ट्र को तकनीकी क्षेत्र में और मजबूत करना होगा। तकनीकी क्षेत्र में नयी-नयी खोज एवं अविष्कार कर प्रदर्शन करना होगा तभी बढ़ते विश्व की तकनीकी रफ्तार में हमसब खडे रह सकते हैं और डटकर मुकाबला कर सकेंगे। मोके पर डॉ.घनश्याम, प्रो. आरके.वर्मा, प्रो बीडी यादव, प्रो.विनीत शेखर, प्रो. अकरम, प्रो. एससी दत्ता, प्रो. इम्तियाज, प्रो पी एन साहू, प्रो ओम प्रकाश आदि उपस्थित थे।

# मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी की जीत को लेकर मासस की बैठक




बैठक में मौजूद मासस कार्यकर्ता

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**बलियापुर।** केन्दुआटांड़ स्थित मासस कार्यालय में शुक्रवार को मासस कार्यकर्ताओं की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष मुखिया गणेश महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में धनबाद लोकसभा सीट से मासस उम्मीदवार जगदीश रवानी की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। विभिन्न जॉन कमेटी से जुड़े कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं से लगातार संपर्क में बने रहने व सदन अभियान चलाकर लोगों को मासस के पक्ष में मतदान करने की अपील करने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, मासस नेत्री सीमा देवी, प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, अमित बनजी, शीतल दत्ता, देवाशीष पांडेय, स्वपन कुमार महतो, भोलानाथ महतो, काशीनाथ मंडल, पशुपति महतो, मंगल महतो, युद्धिष्ठिर महतो, चंदन भूमिहार आदि मौजूद थे।

# लोस चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाएं कार्यकर्ता : रागिनी



कार्यकर्ताओं को निर्देश देतीं रागिनी सिंह

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**झरिया।** शुक्रवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित बिहार बिल्डिंग कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित कराने को लेकर अहम बैठक आयोजित की गयी। रागिनी सिंह ने सभी पदाधिकारियों को चुनाव को लेकर दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान उमेश यादव, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, अरुण साव, अखिलेश सिंह, दिलीप भारती, अजय वर्मा, विजय सिंह चंद्रवंशी, मनोज प्रसाद, अभिषेक पाण्डेय, संतोष शर्मा समेत कई अन्य गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी क्रम में बागडिगी, भूलन बरारी, लोदना समेत झरिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर भाजपा के पक्ष मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने को लेकर भारी मतों से जीत सुनिश्चित कराने की अपील की। इस दौरान रोहित बिंद, प्रेम नोनिया, बबलू भगत, गोपाल चौधरी, संजू पासवान राहुल पासवान छोटू सिंह समेत कई अन्य गणमान्य कार्यकर्ता गण मौजूद थे ।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए लोक जागरण मंच ने की बैठक



बैठक में शामिल लोग

*__झरिया।__ धनबाद लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना आवश्यक है। लोकतंत्र के इस महापर्व में इस बात का ध्यान हर मतदाता को रखना है। उक्त बातें अधिवक्ता हरीश जोशी ने शुक्रवार को झरिया के कोयरीबांध में लोक जागरण मंच द्वारा आयोजित बैठक में कहीं। अध्यक्षता विधानसभा संयोजक राजेंद्र साव ने किया। विषय वस्तु से मंडल संयोजक अखिल देव एवं चंदन केसरी ने अवगत कराया। बैठक में बताया गया कि मतदान करना हमारा प्रथम कर्तव्य है इसलिए हमारा यह प्रथम लक्ष्य होना चाहिए कि पहले मतदान तब जलपान। जागरूकता कार्यक्रम में आचार्य बलदेव पांडेय, राजेंद्र केसरी, महेश गुप्ता, सिद्धेश्वर साव, राजेंद्र केसरी, बृजनंदन बर्णवाल, डॉ वीरेंद्र शर्मा, अरुणा देवी, शोभा गुप्ता आदि मौजूद थे।*

# चिरकुंडा : गोदाम में लगी भीषण आग, आसमान छूने लगीं लपटें


आग बुझाने का प्रयास करते लोग

■ **लाखों का नुकसान इलाके में फैली दहशत**

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के नेहरू रोड स्थित सुभाष नगर में शुक्रवार की शाम अमन सिंह के स्क्रैप गोदाम इन्डज्योति फाईनटेक प्राईवेट लिमिटेड में भीषण आग पकड़ने की वजह से ऊंची धुएं का गुबार उठने लगा और शहर में चारों तरफ धुंआ फैल गया। साथ ही अफरा-तफरी मच गई। चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनिल कुमार सिंह को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचे व भीषण आग को देखते हुए उन्होने फौरन दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने पर एसीडीपीओ रजत मनीक बाखला भी पहुंचे। मैथन व पंचेत से दो दमकल पहुंचे तब आग पर काबू पाया। ज्ञात हो कि संध्या करीब 4 बजे के आसपास अचानक शहर में धुएं का गुबार उठने लगा और दूर से ही लोग देखकर सहम उठे। हिम्मत जुटाकर लोग आगे बढ़े तो देखा कि अमन सिंह के कचरा गोदाम के कचरे की ढेर में आग धधक रही है और बहुत तेजी से फैल रही है। अमन सिंह का कॉरपोरेट ऑफिस भी कचरा गोदाम के ही कैंपस में स्थित था जहां पर ऐसी आदि भी लगे थे। साहसी लोग पानी से आग को बुझाने का कार्य करने लगे इसी बीच दो दमकल वाहन पहुंचे और मशक्कत कर आग को दमकल कर्मियों ने नियंत्रित किया।

### चपेट में आने से बचा घनी आबाद का क्षेत्र

*चिरकुंडा का आवासीय परिक्षेत्र होने के कारण यह आग फैलने से बड़ी घटना हो सकती थी। आसपास में हजारों की जनसंख्या रहती है। आस-पास के मकानों रहने वाले लोगों में भी यह डर हो गया कि यह आग तेजी से फैल रही है कहीं उनके घरों तक न पहुंच जाए लेकिन दमकल पहुंचने से आग पर कुछ ही क्षण में नियंत्रण पा लिया गया। आग कैसे लगी अभी तक सही रूप से पता नही चल पाया है। कचरा गोदाम में लगी आग से लाखों रू का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।*

### चिनप के पास अपना दमकल वाहन नहीं

*चिरकुंडा नगर परिषद बने हुए 15 वर्ष हो गए पर चिरकुंडा नगर परिषद (चिनप) के पास अपना एक भी दमकल नहीं होने के वजह से दमकल पहुंचने में काफी विलंब हो जाता है। इस कारण आग का दायरा फैल जाता है। चिरकुंडा नगर परिषद के पास कई संसाधन हैं पर आग बुझाने वाला दमकल की व्यवस्था आज तक नहीं हो पाई है।*

## जिला में दूसरा स्थान लाने पर इंटर कला की छात्रा श्वेता को किया गया सम्मानित



**फुलारीटांड़।** जैक की इंटर परीक्षा फुलारीटांड बाजार में पान गुमटी चलाने वाले संतोष कुमार की इकलौती पुत्री श्वेता कुमारी जिला में सेकंड टॉपर बनी। उसे 431 अंक प्राप्त हुए हैं। उसकी इस उपलब्धि पर डीपीएलएमए प्लस टू विद्यालय नावागढ़ के शिक्षकों ने शुक्रवार को उनके आवास पहुँच कर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान खुशी जाहिर करते हुए शिक्षकों ने छात्रा को मिठाई खिलाकर यूपीएससी की तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम रंजन ने कहा कि कड़ी मेहनत व लगन से बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय व अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। इस दौरान फुलारीटाड़ बाजार की कॉमर्स की छात्रा सुप्रिया कुमारी को जिला में नौंवा स्थान लाने पर उसके आवास पहुंच कर बधाई दी मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम रंजन के अलावा अमरदीप कुमार, राजेन्द्र प्रसाद महतो, चंद कुमार रजक, सुजीत कुमार, विकास कुमार मंडल, सुलेखा कुमारी, कंचन कुमारी, मीरा कुमारी, गरिमा विष्ट आदि शामिल थीं।

## कोल कर्मी की मौत के बाद पुत्र को मिला प्रोविजनल नियोजन

**बाघमारा।** बरोरा एएमपी कोलियरी में शुक्रवार को द्वितीय पाली में कार्य के दौरान बीसीसीएल कर्मी छोटू बढ़ई की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद परिजन व यूनियन प्रतिनिधि नियोजन तथा मुआवजा की मांग करने लगे। करीब दो घंटे बाद परिजनों की उपस्थित में महाप्रबंधक व यूनियन प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई जिसमें मृतक के बड़े पुत्र को तत्काल प्रोविजनल नियोजन देने को लेकर 4 सूत्री मांग पर सहमति बनी। वार्ता में एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पाण्डेय, सचिव संतोष गोराई, बीसीकेयू के जेके झा सहित अन्य मौजूद थे।

## भू-धंसान के खतरे को देखते हुए आगरडीह पथ को कराया गया बंद

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया तीन अंतर्गत गोविंदपुर-आगरडीह पथ को बीसीसीएल ने बंद कर दिया है। यहां लगातार भू-धंसान हो रही था जिससे सड़क पर दरार व गोफ बन गये थे। प्रबंधन ने शुक्रवार को इसे बंद कर दिया। आगरडीह भू-धंसान स्थल से शिव मंदिर तक की सड़क को असुरक्षित इलाका २२है। लगातार भू-धंसान हो रहा था इसलिए लोगों के जान माल को देखते हुए रोड को ब्लॉक किया गया। बता दें कि कुछ दिन पहले यहां भू धसान से 18 परिवार के लोग बेघर हो गए थे।

# डैफोडिल्स एकेडमी करकेंद में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन


कैंप में मौजूद शिक्षक, बच्चे और महिला समिति की सदस्य

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**पुटकी।** मारवाड़ी महिला समिति करकेंद शाखा द्वारा डैफोडिल्स एकेडमी करकेंद में तीन दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार को हुआ जिसमें नवम एवं दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कैंप में शिक्षिकाएं भी शामिल थीं। समर कैंप के पहले दिन नवम एवं दशम वर्ग की छात्राओं को सैंडवीच, नीबू शरबत आदि बनाना सिखाया गया। दूसरे दिन छात्राओं को बटन लगाना और मेहंदी लगाना सिखाया गया। तीसरे दिन नवम एवं दशम वर्ग के छात्रों के बीच लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था ,अगर मैं प्रधानमंत्री होता ,तो देश के लिए क्या करता। इस प्रतियोगिता में राजा बाउरी( वर्ग दशम) ,एवं सुमित कुमार,( वर्ग नवम) प्रथम स्थान वीर अग्रवाल (वर्ग दशम),एवं सुमित कुमार (वर्ग नवम) द्वितीय स्थान, रिसु झा (वर्ग दशम) ,राजवीर सिकदार (वर्ग नवम) तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला समिति के सदस्यों ने सफल छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य तापस बनर्जी, समिति की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, सचिव अनिता सतनालिका, सदस्य सुमित्रा धारी, कविता मित्तल, मंजु अग्रवाल, विनीता खंडेलवाल, बविता जिंदल, मीरा शर्मा, मंजू न ारनोली रोमा गर्ग, पुष्पा खंडेलवाल, नीलम सेन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कतरास में जनसंपर्क कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो ने मांगे वोट


कार्यक्रम के दौरान मथुरा महतो और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**


**कतरास।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो शुक्रवार शाम को कतरास मस्जिद पट्टी का दौरा कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। मथुरा महतो ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में बेरोजगारी महंगाई बढ़ी है। भाजपा सरकार देश की संपत्ति को बेच रहा है। देश में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। मौके पर बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी कांग्रेसी नेता शेख गुड्डू, पूर्व मुखिया मो आजाद, सदर मो पप्पू, शौकत खान, सुभाष बंसल, मो मतीन, मुख्तार अंसारी, मो पिंटू, मो रिजवान, डॉ कैलाश, ज्योति कुमारी, गुड़िया कुमारी, जोया खान आदि उपस्थित थे।

### पुटकी में एंटी क्राइम अभियान के तहत की गयी वाहनों की जांच

***पुटकी।*** *पुटकी थाना के समीप शुक्रवार को एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों के डिक्की, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, बैग, झोला आदि की जांच की गई। अभियान में शामिल इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एंट्री काइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। मौके पर एसआई विष्णु सिंह ,बाबुधन सोरेन, बिटिया मरांडी ,मिथलेश मांझी व अन्य थे।*

Before the Notary Public at Dhanbad
**AFFIDAVIT**
I, Tairun Bibi, W/o Daud Ali Ansari, aged about 56 years, by faith Muslim, resident of Singiatand, P.S Baliapur, District Dhanbad, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That, in manual Khatiyan, my father in-law's name has been mentioned as Gafur Miyan, but in the new survey settlement of our landed property i.e in Online Khatiyan and in Online Register II, recorded his name as Thakur Miyan.
2. That, Gafur Miyan & Thakur Miyan, is the same and one person.
3. That, I am swearing this affidavit for confirmation of my father's name i.e "Gafur Miyan" and to produce it before the proper authority concern to avoid future complication and for my needful purpose.
S.NO.24 Date : 03/05/ 2024

# अंतर जिला क्रिकेट में धनबाद की लड़कियों ने दिखाया जलवा


पुरस्कार लेती खिलाड़ी

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**चिरकुंडा।** झारखंड क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर 15 वूमेंस टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में धनबाद का जलवा कायम है। धनबाद जिला की लड़कियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कोडरमा को पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए धनबाद ने 20 ओवर में 275 रन बनाए।धनबाद की कप्तान( माही क्रिकेट क्लब कुमारधुबी की खिलाड़ी) अंकिता मौर्य ने धनबाद की ओर से दमदार प्रदर्शन करते हुए 150 रन बनाए तथा अंत तक नाबाद रही। अनु यादव 25 तथा आरती सोरेन ने भी 14 रन बनाए। कोडरमा की सृष्टि सिन्हा ने तीन विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए कोडरमा 20 ओवर में पांच विकेट खोकर महज 75 रन ही बना सकी। सृष्टि सिन्हा ने 23 रन बनाए। धनबाद की कप्तान अंकिता मौर्य ने बोलिंग में भी दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लिए। अनु यादव ने एक विकेट लिए। अंकित मौर्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अंकिता के दमदार प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए झारखंड क्रिकेट संघ के सदस्य सह माही क्रिकेट क्लब कुमारधुबी के अध्यक्ष अभिजीत घोष, सचिव दोयल घोष, पूर्व क्रिकेटर संजय यादव, प्रो दीपक सिंह, क्लब के कोच भागीरथ रजवार तथा कुंदन कुमार राज ने शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि इस बार धनबाद जिला अंडर 15 वूमेंस टीम में माही क्रिकेट क्लब कुमारधुबी की नौ लड़कियां शिरकत कर रही हैं। इसके पूर्व अंडर-19 वूमेन'एस क्रिकेट टीम में भी इसी क्लब की पांच लड़कियों ने शिरकत किया था तथा अपने दमदार प्रदर्शन के बदौलत धनबाद जिला को खिताब दिलाने मैं अहम भूमिका निभाई थी।

# अपना कीमती वोट देकर अच्छे प्रत्याशी को चुनें : अनुपमा


जनसंपर्क के दौरान अनुपमा सिंह और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**पुटकी।** धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह शुक्रवार को जनसंपर्क के दौरान पुटकी क्षेत्र के सियालगुदरी पहुंची। यहां सियाल गुदरी दुर्गा मंदिर में माथा टेककर माता का आशीर्वाद लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुटकी क्षेत्र के सियालगुदरी, स्वामी विवेकानंद नगर, पुटकी न्यू कॉलोनी सहित कई स्थानों पर अपने प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। अनुपमा सिंह लोगो को जागरुक करते हुए कहा कि आप 25 तारिख को अपना बहुमूल्य वोट देने के लिए मतदान केंद्र अवश्य जाएं और एक अच्छे प्रत्याशी को चुने । मुझे जनता का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है। कड़ी धूप में भी मेरे समर्थन में लोग खड़े नजर आ रहे हैं। लोगों में काफी उत्साह है। जनता से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। इसी क्रम में सोनू यादव द्वारा पुटकी न्यू कॉलोनी में धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमारी रूपा सिंह, पूर्व प्रमुख भानु प्रताप, कयूम खान, कुमार संभव सिंह, सीमा सिंह, अक्षयवर प्रसाद, राजू अंसारी, अभिषेक गौरव, अभिषेक सौरभ, तबरेज खान, अभिनव सिंह, सोनू यादव, विकी कुमार, नीरज कुमार, राहुल कुमार, कमल कुमार, सरस्वती देवी, सुनीता देवी, सविता देवी, एवं अन्य लोग थे।

समक्ष- लेख्य प्रमाणक, धनबाद।
**शपथ-पत्र**
मै, सुखदेव साव, आधार नं0-6229 5415 6660, पिता स्व० रंगलाल साव, उम्र लगभग - 43 वर्ष, धर्म - हिन्दु, पेशा- खेती, सा०- गरभुडीह, थाना- पुटकी, जिला - धनबाद (झारखण्ड), एतद् द्वारा शपथ पूर्वक व्यान करते है कि:-
1. यह कि, मेरा पिताजी का नाम रंगलाल साव है जो मेरे आधार कार्ड पर अंकित है।
2. यह कि पंजी-॥, कंटिनियुस खतियान, अधिकार अभिलेख एवं नया खतियान (Off Line) में मेरे पिताजी का नाम रंगलाल महतो अंकित है ।
3. यह कि, रंगलाल साव एवं रंगलाल महतो दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरे पिताजी है।
4. यह कि, दिये गये उपरोक्त सारी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है ।
5. यह कि, यह शपथ पत्र संबंधित सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु बना रहे हैं ।
S.NO. 84 Date : 03 MAY 2024

BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT DHANBAD.
**AFFIDAVIT**
I, Santosh Yadav, S/o- Sri Raju Prasad Yadav, aged about - 44 years, R/o Gandhi Road, Mahavir Ashthan, Dhanbad- 826001 (Jharkhand), India, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-
1.That, I am the citizen of India.
2. That, I hereby declare that my name mentioned in some documents written as Santosh Kumar and in some documents Santosh Yadav.
3. That, both Santosh Kumar and Santosh Yadav is name of one and same person who is myself.
4. That, my real name is Santosh Yadav.
5. That, the statements made above are true and correct to the best of my knowledge and belief.
6. That, I am swearing this affidavit to produce it before the authority concerned for needful purpose.
S.NO.37 Date : 03 MAY 2024

# रुद्रचंडी महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

■ **जयकारे से गूंजा पूरा इलाका**


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

**आवाज प्रतिनिधि। 3 मई**

**फुलारीटांड़।** बांसजोड़ा पंचायत के गणेशपुर में शुक्रवार को बांसजोरा उत्थान समीति के सदस्यो द्वारा पांच दिवसीय श्री श्री रुद्रचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन कर कलश यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्रृद्धालु सम्मलित हुए। इस दौरान जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रीश्री रुद्रचंडी यज्ञ गणेशपूर स्थित काली मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है जिसके वैदिक आचार्य श्री चंडी पांडे जी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मंदिर 70 से 80 वर्ष पुरानी है। इस मंदिर का दो बार जीर्णोद्धार किया गया है। एक बार सन 1987 में जब यह मंदिर पूर्ण रूप से जर्जर होकर गिरने की स्थिति में थी तथा दूसरी बार बात बांसजोरा पंचायत से लगातार तीन बार के मुखिया रहे समीर कुमार लाला उर्फ राजा लाला के मुखिया अपने निजी सहयोग एवं बांसजोरा उत्थान समिति सक्रीय सदस्यो और ग्रामीणों के सहयोग से पुनः इस मंदिर का जीर्णोद्धार 2023 में कराया। यह पांच दिवसीय महायज्ञ 7 मई को भंडारे के बाद समाप्त होगा। लायंस क्लब बाघमारा के द्वारा कलश यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को शरबत-पानी पिलाने की व्यवस्था की गई थी जिसमें लायंस क्लब बाघमारा के अध्यक्ष सुनील सिंह, जोनल चेयरपर्सन मदन मोहन, लक्ष्मण रवानी, संतोष सिंह, गोपाल सिंह सम्मिलित थे। मौके पर यज्ञ में वैदिक आचार्य चंडी पांडे, यजमान डॉक्टर विक्की रवानी, गोपाल रवानी ,पुरण महतो, बांसजोड़ा उत्थान समिति के अध्यक्ष संजय रवानी, उपाध्यक्ष भोला महतो, विकास रवानी, नरेश गोप ,धनु गोप ,सुबोध महतो, अमित कुमार सिन्हा, मधु राय, विक्की रवानी, रोहित राय, शिव रवानी, आनंद महतो ,दीपक रवानी, आनंद रवानी, बादल महतो, योगेश्वर राय, अशोक रवानी, भरत रवानी एवं समस्त ग्रामीण सम्मिलित थे।

### कांग्रेस नेता रामाशंकर लाल की पत्नी मधुबाला सिन्हा का निधन

***कतरास।*** *कांग्रेस के पुराने नेता रामाशंकर लाल की पत्नी मधुबाला सिन्हा (50 वर्ष) का निधन गुरुवार की रात हो गया। वह एक धर्मपरायण महिला थीं तथा गायत्री परिवार की पुरानी सदस्य थी। साथ ही हैप्पी चिल्ड्रेन एकेडमी की ट्रस्टी सदस्य थीं। वे अपने पीछे भरा-पुरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनका दाह संस्कार लिलौरी स्थान स्थित मुक्तिधाम में शुक्रवार को किया गया। उनके निधन पर जलेश्वर महतो, रणधीर ठाकुर, विनोद शर्मा, संतोष साह, नवलकिशोर शर्मा, शीलानाथ सिंह, भरत शर्मा, शफी, रजीत पांडेय, प्रदीप पांडेय, शकील अहमद, कुंदन सिंह, रोहित वाही ,जियाउल हक, अजय सिंह, करम चंद बाउरी, दीपक शर्मा, नीरज शर्मा, रितेश दुबे ने शोक व्यक्त किया।*

समक्ष- लेख्य प्रमाणक, धनबाद।
**शपथ पत्र**
मै, गंगाधर सिंह, पिता स्व० चटकधारी सिंह, धर्म हिन्दू आधार नं0-xxxx xxxxx 9884 साकिम- खमारगोड़ा थाना-कतरास, जिला धनबाद (झारखण्ड) एतद द्वारा शपथ पूर्वक रूप घोषणा करता हूँ कि :-
1. यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गंगाधर सिंह दर्ज है।
2. यह कि, पंजी-2, अधिकार अभिलेख, मैनुवल कंटीन्यूस खतियान एव ऑन लाईन कन्टीन्यूस खतियान में मेरा नाम गंगाधर प्रसाद सिंह अंकित है।
3. यह कि, गंगाधर सिंह एवं गंगाधर प्रसाद सिंह, पिता स्व० चटकधारी सिंहएक ही व्यक्ति का नाम है, जो मैं स्वयं हूँ।
4. यह कि, यह शपथ पत्र सक्षम पदाधिकारी / कार्यालय में आवश्यक कार्य हेतू समर्पित करने के लिए बना रहा हूँ।
S.NO.23 Date : 03 MAY 2024

BEFORE THE NOTARY PUBLIC: DHANBAD.
**AFFIDAVIT**
I, ALIM ANSARI S/o. Bhuman Mian, Aadhar no. XXXX XXXX 2246 resident of Bhuiya Chitro, Gunghasa, Dhanbad, Jharkhand, do hereby, solemnly affirm and declare on oath as follows:-
1.That in my Aadhar card my name mentioned as Alim Ansari s/o. Bhuman Mian.
2. That in manual continuous khatiyan my father's name is mentioned as Bhuwan Mian.
3. That Bhuman Mian and Bhuwan Mian is same and one person i.e. my father.
4. That I swear this affidavit to produce it before the authority concerned for proof and needful.
S.NO.19 Date : 03 MAY 2024

